पंजाब केसरी 12/01/2025

जी.एम.एन. कॉलेज में मनाई श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ

भगवान श्रीराम सत्य, धर्म और मर्यादा का प्रतीक : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 11 जनवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे हृदय में वास करते हैं और उनके आदर्श हमें जीवन में सही दिशा दिखाते हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और मर्यादा का प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्रीराम के जीवन से जुड़े अध्याय हमारे देश के लिए एक विशेष महत्व रखते हैं और युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।



जी.एम.एन. कॉलेज में भगवान श्रीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।(देवव्रत)

समारोह में कॉलेज के स्टाफ सदस्यों, छात्रों और अन्य उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद और मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ मिलकर भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।